भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 655**
06 फरवरी, 2025 को उत्तर देने के लिए

**श्री-अन्न आधारित उत्पादों का विपणन**

**655. डॉ. दग्गुबाती पुरंदेश्वरी:**
**श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** श्री-अन्न आधरित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वित की जा रही प्रमुख गतिविधियों का ब्यौरा क्या है;

**(ख)** इस योजना से लाभान्वित होने वाले संभावित किसानों और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

**(ग)** आवंटित 800 करोड़ रुपए की धनराशि में से अब तक खर्च की गई/उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

**(घ)** श्री-अन्न आधारित उत्पादों के प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई नीतिगत पहलों का ब्यौरा क्या है; और

**(ड.)** क्या सरकार उक्त योजना के कार्यान्वयन के दौरान सामने आ रही चुनौतियों का समाधान करने के लिए कोई सुधारात्मक उपाय कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2026-27 तक की अवधि के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) को लागू कर रहा है। योजना का एक घटक मिलेट आधारित उत्पादों पर केंद्रित है, जिसका परिव्यय 800 करोड़ रुपये है । इस घटक को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष (आईवाईओएम) को ध्यान में रखते हुए लॉन्च किया गया था । मिलेट आधारित उत्पादों के लिए पीएलआई योजना (पीएलआईएसएमबीपी) का उद्देश्य खाद्य उत्पादों में मिलेट के उपयोग को बढ़ाना और घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में चयनित मिलेट आधारित उत्पादों के विनिर्माण और बिक्री को प्रोत्साहित करके उनके मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना है।

**(ख):** देश भर में 45 स्थानों पर मिलेट आधारित इकाइयों के लिए योजना के पीएलआईएसएमबीपी घटक के अंतर्गत 29 आवेदकों को मंजूरी दी गई है । इन इकाइयों का विवरण **अनुबंध** में है । इस घटक के अंतर्गत लाभान्वित किसानों की संख्या का ब्यौरा नहीं रखा जाता है ।

**(ग):** आज तक, पीएलआईएसएमबीपी के लिए कुल 800 करोड़ रुपये के आवंटन में से 29 आवेदकों को प्रोत्साहित करने के लिए 793.27 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। हालाँकि, अब तक 10 आवेदकों को कुल 3.917 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं।

**(घ):** पीएलआईएसएमबीपी के तहत मिलेट आधारित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहित करने के अलावा, मिलेट आधारित इकाइयां प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) और प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) जैसी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की अन्य योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए भी पात्र हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने 19 सितंबर से 22 सितंबर, 2024 तक नई दिल्ली में 'वर्ल्ड फूड इंडिया' के तीसरे संस्करण की मेजबानी की । कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों की भागीदारी के साथ इस कार्यक्रम ने मिलेट आधारित खाद्य उद्योग को वैश्विक स्तर पर उत्पादों का प्रदर्शन करने और अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के बीच मिलेट आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान किया। इसके अलावा, वाणिज्य विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक वैधानिक संगठन, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपेड़ा) को भारत से मिलेट सहित कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने का अधिदेश प्राप्त है। एपेड़ा अपने पंजीकृत निर्यातकों को, जिसमें मिलेट के निर्यातक भी शामिल हैं, एपेड़ा की कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात संवर्धन योजना के तहत सहायता प्रदान करता है। यह सहायता योजनाओं के विभिन्न घटकों जैसे बुनियादी ढांचे का विकास, गुणवत्ता विकास और बाजार विकास के तहत प्रदान की जाती है ।

**(ड़):** इस प्रकार, योजना के पीएलआईएसएमबीपी घटक के कार्यान्वयन में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय को किसी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है।

*****

*अनुबंध*

**दिनांक 06.02.2025 को "श्री/अन्न आधारित उत्पादों का विपणन" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 655 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**योजना के पीएलआईएसएमबीपी घटक के अंतर्गत स्वीकृत मिलेट आधारित इकाइयों का विवरण**

| क्रमांक | राज्य | योजना का नाम | लाभार्थी का नाम | क्षेत्र | ज़िला |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | पीएलआईएसएमबीपी | तटीय खाद्य पदार्थ | मिलेट एमएसएमई | गुंटूर |
| 2 | आंध्र प्रदेश | पीएलआईएसएमबीपी | त्रेता एग्रो प्रा.लि. | मिलेट एमएसएमई | चित्तूर |
| 3 | असम | पीएलआईएसएमबीपी | सना एंटरप्राइजेज | मिलेट एमएसएमई | कामरूप |
| 4 | गुजरात | पीएलआईएसएमबीपी | मैरिको लिमिटेड | मिलेट एलई | साणंद |
| 5 | गुजरात | पीएलआईएसएमबीपी | एचएसएम फूड्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | राजकोट |
| 6 | गुजरात | पीएलआईएसएमबीपी | सतवम न्यूट्रीफूड्स लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | साबरकांठा |
| 7 | गुजरात | पीएलआईएसएमबीपी | सुप्रीम न्यूट्री ग्रेन प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | राजकोट |
| 8 | गुजरात | पीएलआईएसएमबीपी | याशील फूड्स एलएलपी | मिलेट एमएसएमई | आनंद |
| 9 | हरियाणा | पीएलआईएसएमबीपी | नेस्ले इंडिया लिमिटेड. | मिलेट एलई | पानीपत |
| 10 | हरियाणा | पीएलआईएसएमबीपी | बीटीडब्ल्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | सोनीपत |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | पीएलआईएसएमबीपी | मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशलिटीज़ लिमिटेड | मिलेट एलई | ऊना |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | पीएलआईएसएमबीपी | बैग्रिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | सोलन |
| 13 | कर्नाटक | पीएलआईएसएमबीपी | आईटीसी लिमिटेड | मिलेट एलई | बेंगलुरु |
| 14 | कर्नाटक | पीएलआईएसएमबीपी | मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशलिटीज़ लिमिटेड | मिलेट एलई | बेंगलुरु |
| 15 | कर्नाटक | पीएलआईएसएमबीपी | टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड | मिलेट एलई | हुबली |
| 16 | कर्नाटक | पीएलआईएसएमबीपी | टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड | मिलेट एलई | रामनगर |
| 17 | कर्नाटक | पीएलआईएसएमबीपी | स्प्राउटलाइफ़ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | तुमकुर |
| 18 | कर्नाटक | पीएलआईएसएमबीपी | स्प्राउटलाइफ़ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | बेंगलुरु |
| 19 | कर्नाटक | पीएलआईएसएमबीपी | होलसम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | बेंगलुरु |
| 20 | मध्य प्रदेश | पीएलआईएसएमबीपी | आर्यन नेचुरल्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | मंडला |
| 21 | महाराष्ट्र | पीएलआईएसएमबीपी | मैरिको लिमिटेड | मिलेट एलई | जलगांव |
| 22 | महाराष्ट्र | पीएलआईएसएमबीपी | चोर्डिया फ़ूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | सतारा |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 | महाराष्ट्र | पीएलआईएसएमबीपी | अर्ली फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | पुणे |
| 24 | महाराष्ट्र | पीएलआईएसएमबीपी | एचडब्ल्यू वेलनेस सॉल्यूशन्स | मिलेट एमएसएमई | पुणे |
| 25 | महाराष्ट्र | पीएलआईएसएमबीपी | नागशेतिया इंडस्ट्रीज | मिलेट एमएसएमई | नासिक |
| 26 | पंजाब | पीएलआईएसएमबीपी | हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड | मिलेट एलई | कपूरथला |
| 27 | पंजाब | पीएलआईएसएमबीपी | मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशलिटीज़ लिमिटेड | मिलेट एलई | पटियाला |
| 28 | पंजाब | पीएलआईएसएमबीपी | मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशलिटीज़ लिमिटेड | मिलेट एलई | जालंधर |
| 29 | तमिलनाडु | पीएलआईएसएमबीपी | क्रिस्टी सुपर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | नमक्कल |
| 30 | तमिलनाडु | पीएलआईएसएमबीपी | रेबाला न्यूट्री फूडी प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | नमक्कल |
| 31 | तमिलनाडु | पीएलआईएसएमबीपी | स्प्राउटलाइफ़ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | नमकल |
| 32 | तमिलनाडु | पीएलआईएसएमबीपी | श्री वेलावन एग्रो | मिलेट एमएसएमई | तिरुचिरापल्ली |
| 33 | तमिलनाडु | पीएलआईएसएमबीपी | होलसम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | तिरुचेंगोडे |
| 34 | तमिलनाडु | पीएलआईएसएमबीपी | होलसम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | नमक्कल |
| 35 | तमिलनाडु | पीएलआईएसएमबीपी | होलसम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | नमक्कल |
| 36 | तेलंगाना | पीएलआईएसएमबीपी | रवि फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एलई | रंगारेड्डी |
| 37 | तेलंगाना | पीएलआईएसएमबीपी | रवि फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एलई | हैदराबाद |
| 38 | तेलंगाना | पीएलआईएसएमबीपी | रवि फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एलई | हैदराबाद |
| 39 | तेलंगाना | पीएलआईएसएमबीपी | हर्ष बेकर्स | मिलेट एमएसएमई | हैदराबाद |
| 40 | तेलंगाना | पीएलआईएसएमबीपी | पहल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | रंगारेड्डी |
| 41 | उत्तर प्रदेश | पीएलआईएसएमबीपी | मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशलिटीज़ लिमिटेड | मिलेट एलई | गौतम बुद्ध नगर |
| 42 | उत्तराखंड | पीएलआईएसएमबीपी | एसडब्ल्यूजी इंडस्ट्रीज लिमिटेड | मिलेट एलई | उधम सिंह नगर |
| 43 | उत्तराखंड | पीएलआईएसएमबीपी | त्रेता एग्रो प्रा.लि. | मिलेट एमएसएमई | उधम सिंह नगर |
| 44 | उत्तराखंड | पीएलआईएसएमबीपी | त्रेता एग्रो प्रा.लि. | मिलेट एमएसएमई | उधम सिंह नगर |
| 45 | उत्तराखंड | पीएलआईएसएमबीपी | होलसम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | मिलेट एमएसएमई | उधम सिंह नगर |

मिलेट एमएसएमई: सूक्ष्म लघु मध्यम क्षेत्र में मिलेट आधारित उत्पादों के लिए बिक्री आधारित प्रोत्साहन
मिलेट एलई: बड़ी संस्थाओं द्वारा मिलेट आधारित उत्पादों के लिए बिक्री आधारित प्रोत्साहन

*****